## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 11.09.2026 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. झारखंड हाई कोर्ट का निर्देश; छह महीने के भीतर दोबारा कराई जाए जेट परीक्षा, जेपीएससी में अध्यक्ष–सदस्यों के खाली पद भरने के लिए दिया दो महीने का समय।
2. जमशेदपुर सांसद विद्युत वरण महतो को प्रदान किया गया संसद रत्न पुरस्कार; लगातार पांचवीं बार यह सम्मान पाने वाले देश के इकलौते सांसद बने।
3. राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने ओमान के साथ कैंसर तकनीक साझा करने के लिए टाई–अप की घोषणा की; जनवरी में रांची में होगा हेल्थ टेक्नोलॉजी कॉन्क्लेव।
4. कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक; राज्य में जल्द शुरू होगी महिला किसान खुशहाली योजना, एक एकड़ का समेकित मॉडल तैयार।
5. रांची की तीन बेटियां राखी, नैंसी और आयुषी झारखंड अंडर–16 फुटबॉल टीम में शामिल; आज आंध्र प्रदेश में बिहार के खिलाफ खेलेंगी मुकाबला।

*******************

झारखंड हाई कोर्ट ने उच्च शिक्षा और प्रशासनिक नियुक्तियों को लेकर दो बेहद महत्वपूर्ण फैसले सुनाए हैं। मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक की खंडपीठ ने झारखंड पात्रता परीक्षा यानी जेट को छह महीने के भीतर दोबारा आयोजित कर परिणाम घोषित करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार को जेपीएससी में अध्यक्ष और सदस्यों के खाली पदों को दो महीने में भरने का सख्त निर्देश दिया है, जिसकी अनुपालन रिपोर्ट अट्ठारह नवंबर तक सौंपनी होगी।

*******************

राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश के बाद जेएसएससी–सीजीएल नियुक्ति प्रक्रिया रद्द करने के फैसले पर रोक लगा दी है। कार्मिक विभाग ने पत्र जारी कर सभी विभागों और जिलों को प्रभावित कर्मचारियों को पदों पर बनाए रखने और काम लेने का निर्देश दिया है।

*******************

जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने संसदीय इतिहास में एक नया रिकॉर्ड कायम किया है। उन्हें नई दिल्ली में लगातार पांचवीं बार प्रतिष्ठित संसद रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। एक रिपोर्ट

*******************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने ओमान के साथ स्वास्थ्य क्षेत्र में जल्द टाई–अप करने की घोषणा की है। नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के बाद उन्होंने बताया कि ओमान की आधुनिक कैंसर तकनीक झारखंड लाई जाएगी। साथ ही सरकारी अस्पतालों में रोबोटिक सर्जरी और एआई बढ़ाने के लिए जनवरी में हेल्थ कॉन्क्लेव आयोजित होगा।

*******************

रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने सोशल मीडिया पर देशवासियों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने लोगों से इस उत्सव के दौरान **वोकल फॉर लोकल** अभियान को बढ़ावा देने की अपील की है।

*******************

राज्य सरकार जल्द ही महिला किसान खुशहाली योजना शुरू कर रही है। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में इस फ्लैगशिप योजना की रूपरेखा तय की गई। इसके तहत एक एकड़ भूमि को आधार बनाकर समेकित कृषि प्रणाली विकसित की जाएगी, ताकि महिला किसानों को सालभर खेती, पशुपालन और मत्स्य पालन से आय मिल सके।

*******************

सीएमपीडीआईएल ने राज्य के युवाओं को रोजगारपरक बनाने के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए जेएमटीआईआरटीसी के साथ समझौता किया है। इसके तहत रांची, रामगढ़, हजारीबाग, धनबाद और लातेहार के सौ वंचित व बेरोजगार युवाओं को टूल एंड डाई मेकर तथा सोलर पैनल मेंटेनेंस का जूनियर टेक्नीशियन

स्तर का आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। योजना में एससी, एसटी, दिव्यांग और कमजोर वर्ग की महिलाओं को प्राथमिकता मिलेगी।

*******************

भूदान आंदोलन के प्रणेता, भारत रत्न आचार्य विनोबा भावे की जयंती पर आज हजारीबाग स्थित विनोबा भावे विश्वविद्यालय में विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कुलपति प्रोफेसर चंद्रभूषण शर्मा सहित शिक्षकों और छात्रों ने उनकी आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। कुलपति ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 आचार्य भावे के सिद्धांतों पर ही आधारित है।

*******************

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने यूसीआईएल की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। जादूगोड़ा के मेचुआ और इचड़ा गांवों के दौरे के बाद उन्होंने ग्रामीणों की पेयजल, रोजगार और मुआवजे की समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्रबंधन को लंबित मामलों का निष्पादन कर पंद्रह दिनों में अनुपालन रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया।

*******************

गोड्डा जिले में बिजली बिल में भारी गड़बड़ी को लेकर उपभोक्ताओं में आक्रोश है। चार सौ से पांच सौ रुपये सामान्य बिल वाले उपभोक्ताओं को दस हजार से पच्चीस हजार रुपये तक का बिल थमा दिया गया है। आक्रोशित लोगों ने बिजली कार्यालय का घेराव कर स्मार्ट मीटर व्यवस्था का विरोध किया। एसडीओ ने गड़बड़ी मानते हुए बिल सुधार का आश्वासन दिया है।

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को सत्ताइस सितंबर को जमशेदपुर के गोपाल मैदान में आयोजित होने वाले करम महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। कुड़मी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेन्द्र महतो के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने लोकभवन में राज्यपाल से मुलाकात कर उन्हें औपचारिक आमंत्रण पत्र सौंपा।

*******************

घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक में आज दोपहर के कारोबार में गिरावट दर्ज की गई। ताजा समाचार मिलने तक सेंसेक्स 332 अंक गिरकर 74 हजार 571 जबकि निफ्टी 126 अंक गिरकर 23 हजार 352 पर रहा।

*******************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 43 हजार 800 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत दो लाख 40 हजार रूपये प्रति किलो है।

*******************

रांची के कांके स्थित स्टार वॉरियर्स फुटबॉल क्लब की तीन खिलाड़ियों राखी कुमारी, नैंसी मुंडा और आयुषी कुमारी का चयन झारखंड अंडर–16 टीम में हुआ है। खेतों में अभ्यास कर खेल निखारने वाली ये तीनों बेटियां आज आंध्र प्रदेश में बिहार के खिलाफ होने वाले मुकाबले में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी।

*******समाप्त*******